# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति अभियान-4'' के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

''मिशन शक्ति अभियान-4'' व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 16.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को ''मिशन शक्ति'' व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ''एंटी रोमियो स्क्वायड'' टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 16.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 15.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना/चौकियों से आये बीट अधिकारियों को बीट प्रणाली के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा बीट प्रणाली को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराये जाने के सम्बन्ध में पुलिस रेगुलेशन के पैरा -63 के अनुसार कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण हेतु पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिये गये निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया तथा बीट अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार जैसे ग्राम प्रहरियों का दायित्व,सी-प्लान एप का उपयोग,बीट क्षेत्र में लाइसेन्स धारकों,पासपोर्ट धारकों,सम्भ्रान्त व्यक्तियों के नाम बीट बुक में दर्शाने,थाने पर प्राप्त सभी प्रकार के बीट सम्मन,नोटिस,वारण्ट,प्रार्थना पत्र जांच,चरित्र सत्यापन,विवेचना सम्बन्धित पासपोर्ट,तामिला,क्षेत्रीय त्यौहारों एवं अन्य बीट कार्य के सम्बन्ध में पूंछा गया तथा विस्तृत रूप से बताया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समिति तथा उनके हमराहीगण द्वारा अभियुक्त जगतपाल पटेल पुत्र झुन्ना पटेल निवासी मछरिहा शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 03/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

1. 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
2. 02 अदद कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समिति
2.आरक्षी विपिन कुमार
3.आरक्षी कुलदीप द्विवेदी
4.आरक्षी विवेक राजा

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री शनि चतुर्वेदी चौकी प्रभारी शिवरामपुर व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राजू सिंह उर्फ रज्जू पुत्र रामऔतार आरख निवासी ग्राम खटेहरा थाना बदौसा जनपद बांदा को एक झोले में 01 किलो 500 ग्राम सूखा नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगी-**

1 किलो 500 ग्राम सूखा गांजा

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 श्री शनि चतुर्वेदी चौकी प्रभारी शिवरामपुर
2.उ0नि0 श्री कैलाश नाथ
3.आरक्षी विवेक कुमार
4.आरक्षी दीप प्रताप

5.आरक्षी चालक विपिन कुमार

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदिका श्रीमती रामा पत्नी शिवप्रकाश निवासी कुशवाहा पुरवा मजरा अमानपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति शिवप्रकाश पुत्र लल्लू निवासी टोला कला थाना बबेरू जनपद बांदा द्वारा प्रार्थिया को गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा कर घर से बाहर निकालने के सम्बन्ध में दिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव,महिला आरक्षी मंजूलता पाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में गाली गलौज,मारपीट,लड़ाई झगड़ा न करने,पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

समझौता कराने वाली टीमः-

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी

2.महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव

3. महिला आरक्षी मंजूलता पाल

4.काउन्सलर सुरेश चन्द्र अग्रवाल

(7). आज दिनांक 16.04.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में शान्ति,सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुरानी ईदगाह,तरौंहा,परासन टोला,उतारखाना,भरतपुरी,कजियाना मोहल्ला,बस स्टैण्ड,धनुष चौराहा में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

(8). आज दिनाँक 16.04.2025 को अपर पुलिस महानिदेशक/निदेशक महोदय डॉ0 भीमराव अम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी मुरादाबाद के आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद की उपस्थिति में दिनाँक 20.05.024 से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर उ0प्र0 पुलिस अकादमी मुरादाबाद में पुलिस उपाधीक्षक(सीधी भर्ती) आधारभूत कोर्स 91वां बैच का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुल 34 प्रशिक्षुओं में से 21 प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों के आधारभूत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 2018 में निहित द-संवेदीकरण कार्यक्रम के अनुसार भारत भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद चित्रकूट में परिचात्यमक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों को धार्मिक नगरी जनपद चित्रकूट के भौगोलिक स्थिति,जनपद में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण मेलों में जनपदीय पुलिस के लिए प्रमुख चुनौतियों,दीपावली आमावस्या में भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुगण के सुरक्षार्थ हेतु भीड़ प्रबन्धन,यातायात प्रबन्धन,सुरक्षा प्रबन्धन,संचार व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से बताया गया।